# कर्क राशि फल वर्ष २०२६

**कर्क राशि फलः** वर्षारम्भ से गुरु गोचर में शुभ कार्यो में धन का व्यय आवश्यकता से अधिक हो जायेगा। कठिन आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ेगा। विश्वासपात्रो से धोखा मिलेगा। मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। परिवार से अलग रहने का योग बनेगा। कोर्ट कचहरी के चक्कर बढ़ेगे। मुकद्दमेबाजी होगी। वर्ष पर्यन्त मीन में शनि के गोचर से रोग तथा शत्रु बढ़ेगे। कभी कभी धन प्राप्ति होती रहेगी तथापि आय में कमी रहेगी। स्त्री तथा सन्तान से कभी सुख तथा कभी असुविधा होगी। आर्थिक हानि होगी। अच्छे कार्यो में बाधा आयेगी। पिता अथवा भाई के जीवन को संकट रहेगा। मित्रो से अनबन तथा कष्ट रहेगा। आधीनस्थो से कष्ट होगा। लगातार शोक की स्थिति रहेगी। प्रादेशिक अथवा तीर्थ यात्राओ से लाभ नही होगा। धार्मिक कार्यो से विरक्ति होगी। बन्धन तथा आरोपो का भय रहेगा।

**जनवरीः** आर्थिक कठिनाईया समाप्त होगी। आजीविका में परिश्रम के अनुरुप परिणाम प्राप्त होगा। किसी स्थान पर सम्मानित होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। रोग से छुटकारा मिलेगा। उपहार प्राप्ति का आनन्द रहेगा। महिलाओ के माध्यम से लाभ होगा। 14 जनवरी से परिवार से मतभेद एवं विवाद होगा। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान रोग ग्रस्त होगी। कार्यो में असफलता से व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। थका देने वाली यात्राओ से कष्ट रहेगा। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से पीड़ित होगे। धन तथा मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा। भाई से विग्रह तथा सन्तान से वैचारिक मतभेद से नपुंसक क्रोध जन्मेगा। शरीर निस्तेज रहेगा शिथिलता बढ़ेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 08, 11, 16, 21, 27, 31

अशुभ दिन : 02, 13, 18, 23, 25, 29,

**फरवरीः** आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नही करेगा। खानपान बिगड़ेगा। सतांन के प्रति मन चिन्तित रहेगा। सुखोपभोग तथा विलासिता में कमी रहेगी। शासन -प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। कुछ कारणो से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य जीवन में अवरोध बनेगे। अपमान की स्थिति बनेगी। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। व्यय अधिक रहेगा। उच्च रक्त चाप, ज्वर अथवा खांसी से पीड़ित

VYAS PANCHANG

होगे। शिक्षा में बाधा आयेगी। 23 फरवरी से स्थिति में सुधार होगा। लिये गये ऋण को चुकाने में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन का सुख मिलेगा। ऐक्सीडे़न्टस से बचाव होगा।

शुभ दिन : 02, 05, 12, 17, 21, 23, 28

अशुभ दिन : 07, 10, 15, 19, 26,

**मार्च:** स्वास्थय लाभ होगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। भाईयो का सहयोग रहेगा। मित्रो से लाभ मिलेगा। देश के अन्दर ही लम्बी दूरी की यात्राये करेंगे। 15 मार्च से अकारण ही मिथ्या अपवादो से आरोपित होगे। प्रयत्नो में असफलता से निराशा बनेगी। वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो से वैचारिक विरोध रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। मन अशांत रहेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। 26 मार्च से शरीर निर्बल रहेगा। महिलाओ के साथ व्यवहार में अपेक्षित सावधानी रखना हितावह होगा।

शुभ दिन : 02, 04, 11, 16, 21, 23, 27, 29, 31

अशुभ दिन : 06, 09, 14, 18, 25,

**अप्रैल:** आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। अपमानजनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। सम्बन्धियो तथा सहोदरो से वैमनस्य रहेगा। मन संतप्त रहेगा। 14 अप्रैल से स्वास्थय में सुधार होगा। वरिष्ठो का सानिध्य मिलेगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति का अवसर आयेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि, मान-सम्मान बढ़ेगा। महिलाओ के माध्यम से लाभ होगा। वाक्‌चातुर्य से मित्रो तथा सहकर्मियो का सहयोग मिलेगा। प्रेम सम्बन्धो में सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यो में समय देगे। मिथ्या अपवादो के प्रति सावधान रहेगे।

शुभ दिन : 05, 08, 13, 17, 19, 21, 23, 25,

अशुभ दिन : 03, 10, 15, 28, 30

**मई:** विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अपौष्टिक भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। ब्लड प्रेशर अथववा रक्त सम्बन्धी अन्य रोग से पीड़ित होगे। कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियो का सामना पड़ेगा। 14 मई से वस्त्रो अथवा सफेद वस्तुओ के व्यापार से लाभ होगा। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। घर में आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव सम्पन्न होगा। विचारो में सात्विकता आयेगी। प्रशासकीय सहयोग

VYAS PANCHANG

से कार्यो में सफलता मिलेगी। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। पदोन्नति सम्बन्धी विवाद समाप्त होंगे। नये अनुबंधो के क्रियान्वन में बाधायें तथा अवरोध आयेंगे। सन्तान सम्बन्धी चिन्तायें रहेगी। विद्यार्थी परीक्षाओं में सफल होगे।

शुभ दिन : 03, 05, 10, 14, 16, 18, 20, 23, 30

अशुभ दिन : 08, 12, 25, 27,

**जून:** 02 जून से गुरु के गोचर में मन में अन्जाना भय रहेगा। कार्यस्थल पर झगड़े होगे। प्रापंचिक परेशानी में आयेंगे। वरिष्ठ अधिकारियो से वाद विवाद में प्रशासन से दंडित होगे। प्रिय वस्तु की हानि होगी। स्थान परिवर्तन होगा। कष्टपूर्ण प्रवास होगा। पारिवारिक झगड़े होंगे। दूसरों का अशुभ सोचेगे। स्वास्थय गिरेगा। विवाह सम्बन्धी कार्यो में विलम्ब होगा। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के व्यापार व्यवसाय में हानि होगी। सन्तान सुख में कमी रहेगी। शिक्षा तथा अध्ययन में असफलता मिलेगी। 15 जून से मास के अन्त तक यात्राओं में सफलता मिलेगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सन्तुष्टि पूर्ण कार्य होगा। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। कोर्ट कचहरी के मामलो में इच्छित सफलता मिलेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा।

शुभ दिन : 01, 04, 06, 13, 15, 17, 19, 26, 29

अशुभ दिन : 09, 11, 21, 24,

**जुलाई:** सन्तान के सम्बन्ध में चिन्ता बनेगी। प्रशासकीय कारणो से मन व्यथित रहेगा। आर्थिक हानि होगी। शरीर रोग ग्रस्त होगा। मनोरंजन, गायन, वादन, शिक्षा, अध्ययन में अरुचि रहेगी। क्रियेटिविटी में कमी आयेगी। व्यर्थ के वाद विवादो में फंसेगे। अपमानजनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। 16 जुलाई से स्थिति में सुधार होगा। सज्जनो, मित्रो तथा सम्बन्धियो का सहयोग सहकार रहेगा। पारिवारिक सुख मिलेगा। सम्बन्धों में सुधार होगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। लाभकारी यात्रायें होंगी। आर्थिक उन्नति होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

शुभ दिन : 04, 10, 14, 16, 26, 31

अशुभ दिन : 01, 06, 08, 12, 18, 21, 23, 28,

**अगस्त:** भाग्योदय का सुख मिलेगा। रोजी रोजगार के क्षेत्र तथा कार्यालय में अधिक परिश्रम होगा। व्यवसायिक हानि होगी। शासकीय सहायता मिलेगी। धन प्राप्ति के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेगे। धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। किसी कारणवश घर से दूर रहना होगा। 05 अगस्त से छिद्रान्वेषी मुंह की खायेंगे। बातचीत में भद्रता आयेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियो से मेल मिलाप होगा। उपहार मिलेगा। सुखोपभोग की वस्तुओ का

VYAS PANCHANG

संग्रह होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। 17 अगस्त से मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार सहयोग मिलेगा। धन मान-सम्मान मिलेगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी।

शुभ दिन : 07, 11, 13, 15, 22, 27,

अशुभ दिन : 02, 04, 09, 17, 20, 25, 29

**सितम्बर :**शरीर तथा मन थका-थका रहेगा। इच्छित कार्य समय से पूरा नही होगा। व्यय बढ़ेगा। परिश्रम तथा साहस की हानि होगी। अहंकार पर नियन्त्रण रख दूसरे के विचारो को यथायोग्य समाहित कर कार्य करने पर लाभ मिलेगा। 17 सितम्बर से रोगो से मुक्ति मिलेगी। अनुकूल वातावरण बनेगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। उच्चाधिकारियो के सम्पर्क में आयेगे। नया कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा।शुभयात्रायें होंगी। असामाजिक तत्वो से पीछा छूटेगा। विभिन्न उपद्रवो से शांति मिलेगी। पारिवारिक सुख सौहार्द्र बढ़ेगा। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। विद्वत्जनो तथा भद्रपुरुषो से मित्रता होगी।

शुभ दिन : 03, 07, 09, 11, 18, 21, 23, 30

अशुभ दिन : 01, 05, 14, 16, 26, 28,

**अक्तूबर :** शारीरिक तथा मानसिक व्याथाये रहेगी। सुख शांति का अभाव रहेगा। व्यसनो से लगाव बढ़ेगा। कर्ज के कारण स्थाई सम्पत्ति को गिरवी रखने का योग बनेगा। भू-सम्पत्ति के सौदे हानि देगे। सहयोगियो के कारण कठिनईयो में आयेगे। यात्राओ में असुविधा होगी। जीवन साथी से मतभेद होगे। सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होगी। धार्मिक कार्यो तथा दानधर्म के कार्यो से मन विरक्त होगा। नौकरी धन्धें में अपयश मिलेगा। पारिवारिक उलझने बढ़ेगी। स्वास्थय में गिरावट आयेगी। आदित्य हृदय स्तोत्र का नियमित पाठ करने से अरिष्टो में कमी आयेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 09, 16, 21, 27,

अशुभ दिन : 02, 11, 13, 18, 23, 25, 29

**नवम्बर:** परिश्रम के अनुरुप परिणाम मिलेगा।शासकीय सहायता प्राप्त करेगे। राजकीय भय का निराकरण होगा। धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। मानसिक तनाव समाप्त होगा। भाग्योदय का सुख मिलेगा। खोई वस्तु वापस मिलेगी। डायजेशन से सम्बन्धित रोगो से मुक्ति मिलेगी। हाजमा दुरुस्त रहेगा। 16 नव. से मन किसी के प्रति आसक्त होगा। भ्रम की स्थिति बनेगी। अपव्यय होगा। सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। प्रशासनिक विवाद

VYAS PANCHANG

होगे। व्यक्तित्व ह्रास अनुभव करेगे। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। 22 नवम्बर से स्वभाव में जिद्द तथा अहम बढ़ेगा। अपनी मनमानी करेगे तथा हानि उठायेगे। मित्रो तथा परिवार के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न होगे, इच्छित सफलता मिलेगी।

शुभ दिन : 01, 03, 05, 12, 15, 17, 22, 24, 30

अशुभ दिन : 07, 10, 20, 26, 28,

**दिसम्बर:** 02 दिसम्बर से आक्समिक रुप से किसी झगड़े झंझट में फंसेगे। मतभेद होगे। उच्च ताप के कारण शरीर शिथिल होगा। योजनाओ के अनुरुप कार्यो की प्रगति नही होगी। । प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओ में असफलता मिलेगी। आर्थिक कठिनाईयां बढ़ेगी। क्रय शक्ति क्षीण होगी। पढ़ने लिखने में मन नही लगेगा। असफलता से मन खिन्न रहेगा। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। विरोधी मुखर होंगे। सुख समृद्धि की हानि होगी। धन-धान्य में कमी रहेगी। मन अशांत रहेगा। 22 दिसम्बर से सफलता मिलने की सम्भावना कम ही रहेगी। शिक्षा में रुचि नही लेगे। पुस्तके एक तरफ रख देगे। आर्थिक हानि होगी।

शुभ दिन : 02, 12, 14, 17, 25, 27, 29

अशुभ दिन : 04, 07, 09, 19, 21, 23

VYAS PANCHANG